आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 01.12.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू। लोकसभा की कार्यवाही विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण दिनभर के लिए स्थगित।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राजभवन में तकनीकी नवाचारों से संबंधित चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की।
- बदरीनाथ नगर पंचायत ने धाम में होने वाले कूड़े को समृद्धि का आधार बनाया। कूड़े का विपणन कर आठ लाख रुपए से अधिक की आय अर्जित की।
- चम्पावत जिले के लोहाघाट में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन।

संसद शीतकालीन सत्र

संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है। इस सत्र में 19 दिनों की अवधि में कुल 15 बैठकें होंगी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के बाद लोकसभा की कार्यवाही दिनभर तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वहीं, आज पहली बार राज्यसभा की अध्यक्षता करने वाले सदन के सभापति सी. पी. राधाकृष्णन का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि श्री राधाकृष्णन का एक साधारण पृष्ठभूमि से उपराष्ट्रपति पद तक का सफर देश के लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है।

राज्यपाल समीक्षा

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज राजभवन में तकनीकी नवाचारों से संबंधित चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर टीम ने ''गवर्नर्स डिजिटल हब'' में शामिल की जा रही नई एप्लिकेशन्स और विभिन्न पोर्टलों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में राज्यपाल ने सभी सूचना प्रौद्योगिकी परियोजनाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि स्वदेशी तकनीक, नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए एक सशक्त कल्पवृक्ष तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि राजभवन का उद्देश्य नवीन तकनीक और युवा शक्ति के समन्वय से प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया अभियान को नई गति प्रदान करना है। राज्यपाल ने बताया कि हाल ही में 'उत्तराखण्ड ए.आई. मिशन–2025' के शुभारंभ के माध्यम से राज्य ने आधुनिक तकनीक को अपनाकर जन आकांक्षाओं और लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

## राफ्टिंग प्रशिक्षण

भारतीय वायु सेना की ओर से चमोली जिले की अलकनंदा नदी में 25 दिवसीय राफ्टिंग प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। भारतीय वायुसेना के मुख्य गाइड आशुतोष पांडे ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य भारतीय वायुसेना के अधिकारियों और कर्मचारियों को आपदा के समय राहत और बचाव कार्यों का प्रशिक्षण देने के साथ ही साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

## रेलगाड़ियां निरस्त

नैनीताल जिले के काठगोदाम, लालकुआं और रामनगर रेलवे स्टेशन से संचालित होने वाली सात एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को दिसम्बर माह से कोहरे के कारण पूरी तरह निरस्त कर दिया गया है। काठगोदाम–जम्मूतवी और काठगोदाम–हावड़ा एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को आगामी 9 दिसम्बर से 24 फरवरी तक निरस्त कर दिया गया है।वहीं लालकुआं–आनंद विहार, काठगोदाम–दिल्ली सम्पर्क क्रांति और रामनगर–मुरादाबाद एक्सप्रेस रेलगाड़ियां फरवरी माह के दूसरे हफ़्ते तक निरस्त रहेंगी।जबकि साप्ताहिक लालकुआं–अमृतसर और काठगोदाम से कानपुर को जाने वाली गरीब रथ फरवरी के आखिरी हफ़्ते तक निरस्त रहेंगी।

## नगर पंचायत बदरीनाथ

चमोली जिले की बदरीनाथ नगर पंचायत ने धाम में होने वाले कूड़े को समृद्धि का आधार बना लिया है। नगर पंचायत की ओर से कूड़े का विपणन कर आठ लाख रुपए से अधिक की आय अर्जित की है। बदरीनाथ धाम में सफाई व्यवस्था का जिम्मा संभाल रहे नगर पंचायत बदरीनाथ की ओर से जहां हर साल यात्राकाल में पर्यावरण मित्रों की तैनाती की जाती है। वहीं कूड़ा निस्तारण के लिए एमआरएफ सेंटर, कॉम्पेक्टर मशीन और ऑर्गेनिक वेस्ट कनवर्टर मशीन के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। इनके माध्यम से नगर पंचायत की ओर से प्लास्टिक और अन्य कचरे के ब्लॉक बनाकर विपणन किया जाता है। वहीं खाद्य सामग्री के कचरे से कम्पोस्ट खाद बनाकर बेचा जा रहा है। इससे धाम में सफाई व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के साथ पंचायत को अच्छी आय हो रही है। इस यात्राकाल में बदरीनाथ नगर पंचायत ने 230 टन कूड़े का निस्तारण किया और आठ लाख रुपए से अधिक आय अर्जित की है। इसके अलावा पंचायत ने इको पर्यटक शुल्क के माध्यम से एक करोड़ रुपए से अधिक की आय अर्जित की है। वहीं फास्ट टैग बैरियर से करीब 92 लाख और हेलीकॉप्टर संचालन से मिलने वाले शुल्क से 22 लाख से अधिक की आय की है।

## युवा संसद प्रतियोगिता

राष्ट्रीय युवा संसद योजना के तहत चम्पावत जिले के स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लोहाघाट में आज युवा संसद प्रतियोगिता आयोजित की गई। राष्ट्रीय युवा संसद के जिला नोडल अधिकारी डॉ. प्रकाश लखेड़ा ने बताया कि इसके माध्यम से छात्र–छात्राओं में संसदीय कार्यप्रणाली से नेतृत्व कौशल का विकास करना है, ताकि वे भविष्य में ससंदीय कार्य प्रणाली से परिचित हो सकें।

छात्रा अंकिता चौबे ने बताया कि युवा सांसद प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र—छात्राओं को संसदीय कार्य प्रणाली के बारे में जागरूक करना है, ताकि  उनमें इसके प्रति सोच विकसित हो सके।

हाथी मृत्यु

राजाजी टाइगर रिजर्व की हरिद्वार रेंज की खडखड़ी बीट में हरिद्वार—रायवाला के बीच आज सुबह ट्रेन की चपेट में आने से छह साल के हाथी के बच्चे की मौत हो गई। वन विभाग की ओर से ट्रेन के लोको पायलट और सहायक लोको पायलट के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियमि की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जन सुनवाई हरिद्वार

देहरादून के अपर जिलाधिकारी के.के मिश्रा की अध्यक्षता में आज ऋषिपर्णा सभागार में जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार में घरेलू व जमीन विवाद, सीमांकन, सड़क डामरीकरण, सिंचाई गूल आदि से जुड़ी 130 शिकायतें दर्ज की गईं। अपर जिलाधिकारी ने मौके पर ही कई मामलों का निस्तारण किया। साथ ही कुछ प्रकरणों के समाधान के लिए संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।